# तेजी से आगे बढ़ रहा यूपी, कोई नहीं रोक सकता

## बोले केंद्रीय मंत्री, उप्र ने जैसे टैक्स चोरी रोककर उत्पादन बढ़ाया उसका दूसरे भी करें अनुसरण

वशिष्ठ हाल

रिइन्वेंटिंग स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम इन उत्तर प्रदेश

## युवाओं को नहीं बनाना है 'थ्री इडियट' : पीयूष गोयल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'रिइन्वेंटिंग स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम इन उत्तर प्रदेश' विषय पर आयोजित सत्र में कहा कि हमें 'थ्री इडियट' फिल्म जैसे युवा नहीं बनाने हैं। युवाओं को उनकी रुचि व पसंद के क्षेत्र में ही करियर बनाने दें। प्रत्येक सेक्टर में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं, जरूरत है कौशल विकास की। देश को कुशल लोगों की जरूरत है। भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में बड़ी भूमिका कौशल विकास क्षेत्र की होगी।

उन्होंने कहा कि कौशल विकास के क्षेत्र में हमें पुराने क्षेत्रों को छोड़कर आधुनिक क्षेत्रों में युवाओं को तैयार करना होगा। ड्रोन टेक्नोलाजी, थ्री-डी प्रिंटिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आदि क्षेत्र में युवाओं को तैयार करना होगा। यूपी में लाखों करोड़ का निवेश होने से निजी और सरकारी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर नौकरियां आएंगी, किंतु इसके लिए हमें कुशल मानव संसाधन की जरूरत होगी। राष्ट्रीय शिक्षा नीति कौशल विकास के इसी मूल भावना को प्रोत्साहित करती है। उन्होंने कहा कि लखनऊ आकर बहुत आनंद आया। सत्र के दौरान प्रदेश के कौशल विकास राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल, टाटा कंपनी से सुशील कुमार, आइएएस आंद्रा वामसी, आइएएस आलोक कुमार ने निवेशकों के सामने यूपी के विकास की तस्वीर पेश की।

भरद्वाज हाल

आबकारी और चीनी उद्योग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश तेज गति से आगे बढ़ रहा है और अब इसे कोई नहीं रोक सकता है। रविवार को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-23 में 'आबकारी और चीनी उद्योग' में अवसर विषय पर आयोजित सत्र को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए पीयूष गोयल ने उत्तर प्रदेश सरकार की निवेश नीतियों की जमकर तारीफ की और अन्य राज्यों को भी यूपी से सीख लेने की नसीहत दी। कहा, जिस तरह प्रदेश सरकार ने टैक्स चोरी रोकी है उसका अनुसरण दूसरे राज्य भी करें।

पीयूष गोयल ने कहा कि 2017 में प्रधानमंत्री के नेतृत्व व गृहमंत्री की सलाह पर भूखनन और शराब माफिया पर प्रहार कर उत्तर प्रदेश के विकास की नींव रखी गई थी। आज उत्तर प्रदेश में उद्योगों और उद्यमियों का भविष्य पूरी तरह सुरक्षित है। नतीजा भी दिख रहा है। पिछले छह वर्षों में कोविड के बावजूद भी यूपी का एक्साइज कलेक्शन 14,500 करोड़ रुपये से बढ़कर 42,500 करोड़ रुपये हो गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र और राज्य की डबल इंजन की सरकार से दशकों तक यूपी आगे बढ़ता रहेगा। उन्होंने कहा कि ईज आफ डुइंग बिजनेस में उप्र दूसरे पायदान पर पहुंच गया है। स्टार्ट अप इंडिया की रैंकिंग में भी यूपी अब लीडर बन चुका है। छह साल में यहां आठ हजार से ज्यादा स्टार्टअप खुल चुके हैं। उन्होंने कहा कि जो नीतियां यूपी सरकार ने बनाई हैं, उन्हें नेशनल सिंगल विंडो में भी जोड़ें, ताकि दूसरे राज्य इसका लाभ ले सकें।

**औद्योगिक विकास हमारा लक्ष्य : नितिन अग्रवाल-** आबकारी एवं मद्य निषेध मंत्री नितिन अग्रवाल ने औद्योगिक विकास के प्रदेश सरकार के लक्ष्य को निवेशकों से साझा करते हुए बताया कि निवेश प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए आनलाइन व्यवस्था विकसित की गई है। यूपी के बजट में करीब सात प्रतिशत हिस्सेदारी आबकारी की है। हमने नई नीति जारी की है और पहली बार इससे किसानों को जोड़ा गया है। लोकल फ्रूट के इस्तेमाल से वाइन इंडस्ट्री लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी ने कहा कि यूपी अकेला राज्य है जो देश का 14 से 15 प्रतिशत एथेनाल ब्लेंड कर रहा है। उन्होंने कहा कि हमें समिट के माध्यम से 25 हजार करोड़ का निवेश जुटाने का लक्ष्य मिला था और हमने अब तक 32 हजार करोड़ के एमओयू किए हैं।



ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में चीनी उद्योग पर आयोजित सेमिनार में भाग लेते केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी, रेडिको खेतान के एमडी अमर सिन्हा व अन्य • जागरण

### 600 करोड़ से यूनिट लगाएगा रेडिको खेतान

रेडिको खेतान के सीओओ अमर सिन्हा ने कहा, उत्तर प्रदेश में 30 दिन में इंडस्ट्री शुरू करने के लिए लाइसेंस मिल जाता है। हम 600 करोड़ के निवेश से यूपी में दूसरी यूनिट सीतापुर में शुरू करने जा रहे हैं। उस यूनिट में इसी वर्ष प्रोडक्शन शुरू होगा। कैलाश ब्रूइंग के एमडी विनीत चोपड़ा ने बताया कि उनके बेटे ने भी यहां बियर यूनिट लगाने के लिए एमओयू किया है।

## भारत में होगा चीन के बाद दूसरा बड़ा मेट्रो नेटवर्क : हरदीप पुरी

व्यास हाल

नए उत्तर प्रदेश के लिए ग्रोथ सेंटर बनती रिइमेजिंग सिटी

जासं, लखनऊ : केंद्रीय आवास एवं शहरी विकास मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि पहले गरीबों को आवास के लिए चक्कर काटने पड़ते थे, लेकिन वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी की सरकार बनने के 17 महीने में ही 17 लाख से ज्यादा लोगों को मकान मिल चुके थे।

समिट के सत्र में उन्होंने कहा, शहर के विकास के लिए मेट्रो जरूरी है। वर्ष 2002 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने मेट्रो की शुरुआत की थी। आज हमारे पास 850 किलोमीटर से ज्यादा मेट्रो सिस्टम है और 139 किलोमीटर पर जल्द ही मेट्रो दौड़ेगी। हम 2024 तक चीन के बाद मेट्रो सेवा वाले विश्व के दूसरे सबसे बड़े देश होंगे। केंद्र सरकार वरिष्ठ नागरिकों के लिए सस्ते घर बनाएगी और उत्तर प्रदेश उस प्रोजेक्ट का नेतृत्व करेगा। मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि भारत पांच ट्रिलियन डालर इकोनोमी की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रधानमंत्री ने विजन 2047 का लक्ष्य रखा है लेकिन एक रिपोर्ट के अनुसार भारत 2040 तक ही विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।


केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, उत्तर प्रदेश के नगर विकास मंत्री एके शर्मा • जागरण

**2040** तक विकसित देशों में शामिल होगा भारत

व्यास हाल

भारत का उभरता हुआ वेयरहाउसिंग और लाजिस्टिक हब उत्तर प्रदेश

## उप्र की नीतियां लाजिस्टिक सेक्टर के हित में : अनुप्रिया

जासं, लखनऊ : केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यूपी में वेयर हाउसिंग और लाजिस्टिक की असीम संभावनाएं हैं, निजी निवेशकर्ताओं को यूपी में निवेश करना चाहिए। सत्र में उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकार एक इकाई के रूप में काम कर रही हैं। केंद्र के सोलह विभाग एकीकृत होकर काम कर रहे हैं, यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विजन है।


अनुप्रिया पटेल • जागरण

पटेल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की नई वेयरहाउसिंग और लाजिस्टिक नीति निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने वाली है। बताया कि वर्तमान में देश में लाजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का 14 फीसद है, जिसमें वर्ष 2030 तक लगभग आठ प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है।

## बड़ी लकीर खींचने में कामयाब रही योगी सरकार

अजय जायसवाल • लखनऊ

- गुजरात सहित दूसरे प्रदेश के समिट में आए निवेश प्रस्तावों का टूटा रिकार्ड
- नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने में सक्षम यूपी 'उत्तम निवेश प्रदेश' की राह पर

जीआइएस का सफल आयोजन कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बड़ी लकीर खींचने में कामयाब रहे। किसी भी दूसरे प्रदेश में निवेश के आए प्रस्तावों का रिकार्ड तोड़ योगी ने दिखा दिया कि उत्तर प्रदेश नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने में पूरी तरह सक्षम है। निवेश के लिहाज से यूपी, देश में उत्तम निवेश का प्रदेश बनने की राह पर है।

वैसे तो राज्य में पहली बार आयोजित तीन दिवसीय जीआइएस के माध्यम से सरकार ने पहले दस लाख करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य रखा था लेकिन इस वैश्विक निवेशक महाकुंभ में देश-दुनिया के निवेशकों ने रिकार्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये निवेश के प्रस्ताव दिए हैं। गौर करने की बात यह है कि चाहे वाइब्रेंट गुजरात समिट रही हो या फिर बीते माह मध्य प्रदेश में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट, कहीं भी इससे आधे के भी निवेश प्रस्ताव नहीं आए। दरअसल, यूपी की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर बनाने के संकल्प के मद्देनजर सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के आयोजन की जबरदस्त तैयारी की। मुख्यमंत्री ने खुद कमान संभालने के साथ ही मंत्री से लेकर अफसरों तक को समिट की सफलता के लिए देश-दुनिया में भेजा। छह वर्ष के कार्यकाल के दौरान खराब कानून व्यवस्था और बीमारू राज्य कहलाने वाले यूपी की पीएम मोदी के मूलमंत्र रिफार्म, परफार्म, ट्रांसफार्म को आत्मसात कर छवि बदली और दूरदर्शितापूर्ण नीतियों को लागू कर उद्यमियों को हर तरह की सहूलियत और उनकी व उनके निवेश की शत-प्रतिशत सुरक्षा की गारंटी दी। इससे राज्य के प्रति निवेशकों का नजरिया बदला और देश-दुनिया के निवेशक प्रदेश में निवेश के प्रति उत्साह दिखाते हुए दौड़े चले आए।

### विपक्ष की धार होगी कुंद

25 करोड़ की आबादी वाले राज्य की दूसरी बार सत्ता संभालने के 11 माह बाद ही आयोजित समिट में देश-दुनिया के निवेशकों से रिकार्ड 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव हासिल कर योगी आदित्यनाथ यह साबित करने में कामयाब होते दिख रहे कि उनके नेतृत्व में यूपी, नए भारत के ग्रोथ को गति देने के लिए तैयार है। माना जा रहा है कि सभी 80 लोकसभा सीटों पर निगाहें गड़ाए भाजपा भी समिट के सफल आयोजन से अगले वर्ष होने वाले चुनाव में विरोधियों को करारा जवाब देकर सियासत की बड़ी लकीर खींचने की कोशिश करेगी।